हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 5 अप्रैल 2024

06 राजस्थान और वियतनाम के पत्थर से चमक उठा महाप्रभु...



07 6 माह से अधूरा पड़ा सड़क निर्माण का कार्य...

लोकसभा क्षेत्र
दमोह

1 भाजपा प्रत्याशी
राहुल लोधी

2 कांग्रेस प्रत्याशी
तरवर लोधी

पिछली बार कौन जीता
प्रह्लाद पटेल

जीत का अंतर
3 लाख 53 हजार 411

क्या रहेंगे मुद्दे?

दूसरे लोकसभा क्षेत्रों की तरह दमोह में भी राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दों का ज्यादा असर है। भाजपा राम लहर के सहारे है। कश्मीर से धारा 370 हटाने, तीन तलाक और हिंदू- मुस्लिम राजनीति का भी पार्टी को सहारा है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों और योजनाओं का प्रचार लोगों के बीच किया जा रहा है। दूसरी तरफ कांग्रेस राहुल गांधी की न्याय यात्रा के साथ पार्टी द्वारा घोषित गारंटियों के सहारे मैदान में है। कांग्रेस ने बुंदेलखंड की खजुराहो सीट सपा को समझौते में दी है। इसकी वजह से काफी तादाद में यादव मतदाता कांग्रेस की ओर जा सकता है। हालांकि मप्र में यादव चेहरा स्वयं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हैं।

कांग्रेस छोड़ भाजपा में आए राहुल उप चुनाव में पराजित, जीत की राह में इस बार भी अड़चन बने कांग्रेस के तरवर

दमोह में दो संबंधियों में सीधा मुकाबला, दोनों हार चुके विस चुनाव

बुंदेलखंड अंचल की दमोह लोकसभा सीट का मुकाबला इस मायने में रोचक है कि भाजपा और कांग्रेस से दो खास मित्र और संबंधी आमने- सामने हैं। ये हैं भाजपा के राहुल लोधी और कांग्रेस के तरवर लोधी। 2019 में दोनों कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीत कर विधायक बने थे। डेढ़ साल बाद ही राहुल दल बदल कर भाजपा में चले गए, लेकिन उप चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया। अब वे पार्टी की ओर से लोकसभा के प्रत्याशी हैं। तरवर भी 2023 का विधानसभा चुनाव हार गए थे और अब लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वे राहुल की जीत की राह में अड़चन हैं। दोनों संबंधी हैं और अच्छे पुराने मित्र भी। इसलिए भी सभी की नजर इस चुनाव पर है।

ग्राउंड रिपोर्ट

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

भाजपा का नारा है 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास', जबकि कांग्रेस कहती है 'कांग्रेस का हाथ, सबके साथ', लेकिन दमोह लोकसभा क्षेत्र में दोनों दलों के प्रत्याशियों पर दृष्टि डालने से पता चलता है कि यह महज नारे हैं, वास्तविकता से इनका कोई नाता नहीं। दमोह क्षेत्र में सबसे ज्यादा मतदाता लोधी समाज के हैं, इसलिए दोनों दलों ने अपने प्रत्याशी इसी समाज से उतारे हैं। भाजपा से राहुल लोधी और कांग्रेस से तरवर लोधी।

साफ है कि अब भी चुनावों में जातिवादी राजनीति का ही डंका बजता है और हर दल इस

राहुल लोधी

तरवर लोधी

दलदल में धंसा है। 2004 से 2019 तक इस सीट से भाजपा के लोधी प्रत्याशी चुनाव जीतते आ रहे हैं। 2004 में चंद्रभान सिंह लोधी, 2009 में शिवराज सिंह लोधी, 2014 और 2019 में प्रहलाद पटेल चुनाव जीते, सभी इसी समाज से हैं। इस बार फिर भाजपा ने लोधी प्रत्याशी दिया है तो कांग्रेस ने भी लोधी मैदान में उतार दिया है। लोकसभा चुनाव में असर की दृष्टि से भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी इस नाते बराबरी पर हैं कि दोनों विधानसभा का एक-एक चुनाव हारने के बाद लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी राहुल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए हैं, इसलिए उनसे कांग्रेसी चिढ़े हैं ही, भाजपा के अंदर भी उनका विरोध है। पर दमोह क्षेत्र की 8 में से 7 विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी का चेहरा हैं, इसका उन्हें फायदा मिलता दिख रहा है। राहुल को लेकर व्यक्तिगत विरोध अब तक समाप्त नहीं हुआ, लेकिन दमोह लोकसभा क्षेत्र भाजपा के मिजाज वाला है, इसका लाभ उन्हें मिल सकता है। दूसरी तरफ कांग्रेस के तरवर लोधी का कोई व्यक्तिगत विरोध नहीं है। दो विधानसभा क्षेत्रों बंडा और मलेहरा में उनका खास असर है, लेकिन कांग्रेस की बुरी हालत और विधानसभाओं में कम ताकत का उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है।

विधानसभा की 8 में से 7 सीटों पर भाजपा

विधानसभा सीटों के लिहाज से ताकत में भाजपा बहुत भारी दिखती है। लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में से 7 पर भाजपा और सिर्फ एक सीट पर कांग्रेस काबिज है। कांग्रेस की रामसिया भारती सिर्फ मलेहरा से विधायक हैं। ये भी लोधी समाज से हैं। दूसरी तरफ क्षेत्र की देवरी, रेहली, बंडा, पथरिया, दमोह, जबेरा और हटा में भाजपा का कब्जा है। वोटों के अंतर की दृष्टि से कांग्रेस ने मलेहरा में 21 हजार 532 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की है, जबकि भाजपा की सात सीटों में जीत का अंतर 2 लाख 77 हजार से ज्यादा है। लगभग ढाई लाख वोटों के अंतर को कांग्रेस कैसे कवर पाएगी, यह बड़ा सवाल है। हालांकि इनमें से गोपाल भार्गव और जयंत मलैया ने रेहली और दमोह में ही 1 लाख 24 हजार से ज्यादा की लीड ली है। भाजपा के राहुल को यह लीड मिलना मुश्किल है।

लोधी, अजा, कुर्मी, यादव समाज का दबदबा

दमोह लोकसभा सीट लोधी बाहुल्य मानी जाती है। हालांकि यहां सबसे ज्यादा 5 लाख से ज्यादा वोट अनुसूचित जाति वर्ग के हैं। लोधी समाज के मतदाताओं की तादाद तीन लाख के आसपास बताई जाती है। इनके दम पर ही यहां से लोधी समाज से सांसद बनता आ रहा है। हालांकि कुर्मी समाज के रामकृष्ण कुसमारिया भी दमोह से चार चुनाव जीते। क्षेत्र में कुर्मी समाज के मतदाताओं की तादाद डेढ़ लाख बताई जाती है। यादव मतदाता भी कुर्मियों के बराबर लगभग डेढ़ लाख ही हैं, लेकिन इस समाज से कभी सांसद नहीं बना। क्षेत्र में ब्राह्मण लगभग 1 लाख और जैन समाज के मतदाता करीब 50 हजार बताए जाते हैं। यह भी चुनाव में अपनी भूमिका निभाते है। दलों की नजर सभी समाजों पर लगी हुई है।

तीन जिलों में फैला है दमोह लोकसभा क्षेत्र

दमोह लोकसभा क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से प्रदेश के तीन जिलों तक फैला है। इसके तहत दमोह जिले की चार विधानसभा सीटें पथरिया, दमोह, जबेरा और हटा आती हैं तो सागर जिले की तीन सीटें रेहली, बंडा और देवरी। एक विधानसभा सीट मलेहरा छतरपुर जिले में है, यह भी दमोह लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। तीन जिलों में बंटा होने के कारण इस क्षेत्र में किसी एक नेता का असर नहीं है। इसका नतीजा यह कि यहां से बाहरी नेता भी जीतते रहे। 2014 और 2019 का चुनाव जीते प्रहलाद पटेल भी यहां के नहीं, नरसिंहपुर जिले के निवासी हैं। इस बार भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी क्षेत्र से, एक ही समाज के और आपस में मित्र एवं रिश्तेदार हैं। वहीं यह सीट भाजपा का गढ़ बन चुकी है।

विदिशा मंडी भाव

उपज	निम्नतम	अधिकतम
गेहूं शरबती	2600	4690
गेहूं 1544	1972	3108
चना	4550	5871
मसूर	4750	6100
सोयाबीन	3800	4700
सरसों	3500	5300
धान	2000	3799
तेवड़ा	3900	4600

खबर संक्षेप

आज कर्मा देवी की मनाई जाएगी जयंती

विदिशा। साहू समाज की आराध्य मां कर्मा देवी की जयंती आज बंटीनगर स्थित साहू समाज धर्मशाला में सुबह 11 मनाई जाएगी। साहू समाज के उपाध्यक्ष रवि साहू ने बताया कि भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की पूजन अर्चन के बाद नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। वहीं समाज के पदाधिकारियों द्वारा समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा। इसके बाद भंडारा होगा। जिला अध्यक्ष मोहनलाल साहू, नगर अध्यक्ष चरणलाल साहू, केके साहू, पुरुषोत्तम बब्लू साहू, मनोज साहू, रमेश पप्पू साहू, मुकेश साहू, आरसी दिनकर साहू, दुर्गाप्रसाद साहू आदि ने समाजजनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

माधवगंज चौराह से मोटराइज्ड ट्राई साइकिल रैली आज निकलेगी

विदिशा। लोकसभा चुनाव में दिव्यांग मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत दिव्यांगजनों द्वारा मोटराईज्ड ट्रायसाईकिल रैली का आयोजन शुक्रवार को शाम 5 बजे से किया जाएगा। सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक ने बताया कि दिव्यांग जनों द्वारा मोटराइज्ड ट्राई साइकिल रैली पुराना जिला चिकित्सालय स्थित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र से प्रारंभ होगी जो माधवगंज चौराह से तिलकचौक होते हुए निकलेगी। रैली का समापन नीमताल पर किया जाएगा।

निर्वाचन पाठशाला 6 को

विदिशा। लोकसभा चुनाव को देखते हुए राजस्व अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से शनिवार 6 अप्रैल की दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट में निर्वाचन पाठशाला का आयोजन किया जाएगा। निर्वाचन पाठशाला में सभी राजस्व तथा पुलिस अधिकारियों को समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

छात्रों की सड़क हादसे में, किसान की करंट से और शिक्षक की हार्टअटैक से मौत के मामले सामने आए

मेडिकल कॉलेज के फर्स्ट इयर के दो छात्रों की सड़क हादसे में मौत

रात 2:30 बजे अपने साथी की बाइक लेकर सांची गए थे मेडिकल कॉलेज के दोनों छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अटल बिहारी वाजपई मेडिकल कॉलेज में 2023 बैच के फर्स्ट ईयर के दो छात्रों की सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों छात्र बुधवार की रात करीब 2:30 बजे विदिशा से अपने साथी की बाइक लेकर सांची के लिए निकले थे। तभी रास्ते में उनकी बाइक को सामने से आ रही तेज गति से चलने वाली वोल्वो बस ने टक्कर मार दी। दोनों छात्रों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

सांची पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रों को सांची अस्पताल ले गई। जहां से शवों को विदिशा मेडिकल कॉलेज भेजा। छात्रों की मौत के बाद 5 अप्रैल को मेडिकल कॉलेज में होने वाले कार्यक्रम को भी रद्द कर दिया गया है। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ सुनील नंदेश्वर ने बताया की फास्ट ईयर के छात्र 21 वर्षीय निखिल राठौर निवासी भोपाल और 20 वर्षीय अंतरिक्ष शर्मा निवासी टीकमगढ़ विदिशा में ही अलग रूम लेकर मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रहे थे। गुरुवार की सुबह दोनों मृतकों की पहचान हुई। मेडिकल कॉलेज के डीन ने दोनों युवकों के परिजनों को सूचना दी। मृतकों को पोर्स्ट मार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। दोनों मृतकों के परिजन हादसे के बाद गमगीन रहे सदमें के चलते वे किसी से बात भी नहीं कर सके। डीन ने बताया की घट दुखद है। 5 तारीख को कॉलेज में होने वाले कार्यक्रम को भी रद्द कर दिया गया है। छात्र सांची क्यों गए थे इस बात की जानकारी नहीं लग सकी है।

हादसे में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त

विदिशा। हादसे में तीसरे छात्र की बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

निखिल राठौर
भोपाल

अंतरिक्ष शर्मा
टीकमगढ़

ग्यारसपुर के नोरजा गांव में करंट लगने से किसान की मौत

ग्यारसपुर। तहसील के नोरजा गांव में एक किसान की करंट लगने मौत हो गई है। 55 वर्षीय किसान बलवंत सिंह अपने खेत पर मूंग की फसल में सिंचाई करने गए थे। खेत के पास ही तारफेंसिंग है। जिसके पास से होकर कई किसानों की बिजली की लाइन निकली है। जिससे तार फेंसिंग में करंट आ गया। आसपास के किसान जब खेत पर पहुंचे तब किसान बलवंत सिंह कुर्मी बेहोश पड़े थे। सूचना के बाद परिजन उन्हे लेकर मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। तब तक किसान की मौत हो चुकी थी। सरपंच शिवनारायण सिंह कुर्मी ने बताया कि बड़े भाई बलवंत सिंह बगल वाले खेत में जब पाइप उठाने के लिए जा रहे थे तब यह हादसा हुआ।

बलवंत सिंह
किसान नोरजा

निर्वाचन प्रशिक्षण में आया अटैक, घर आकर हुई मौत

विदिशा। कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर सहायता राशि की मांग की करते हुए।

- कर्मचारी संगठन ने अनुकंपा नियुक्ति की रखी मांग

विदिशा। 1 अप्रैल को निर्वाचन प्रशिक्षण के दौरान वसीम मोहम्मद अंसारी की हार्ट अटैक से मौत के मामले में मप्र संयुक्त मोर्चा प्रतिनिधि मंडल ने आर्थिक सहायता राशि की मांग की है। मप्र अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा महामंत्री उमराव सिंह कुशवाह ने बताया कि 1 अप्रैल को निर्वाचन का प्रथम दिन प्रथम प्रशिक्षण था। एसटीआई डिग्री कॉलेज विदिशा में प्रथम पाली कक्ष क्रमांक 2 में उपस्थित वसीम मोहम्मद अंसारी को प्रशिक्षण लेते समय घबराहट महसूस हुई। उन्होंने मास्टर ट्रेनर को अवगत कराया और उपचार के लिए वह घर आ गए। अचानक हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई। संयुक्त मोर्चा पदाधिकारियों ने लोकसभा निर्वाचन मे संलग्न शिक्षक की मृत्यु को संज्ञान में लेते हुए गुरुवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मांग की गई है की निर्वाचन बीमा सहायता राशि तत्काल उपलब्ध कराई जाए। शिक्षक के परिवार में किसी एक व्यक्ति को अनुकंपा नियुक्ति दी जाए।

कलेक्टर ने किया एमसीएसी कक्ष का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। कलेक्टर ने गुरुवार को एमसीएमसी कक्ष का औचक निरीक्षण कर पैड न्यूज की निगरानी हेतु किए जा रहे प्रबंधों का अवलोकन किया। एमसीएमसी प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी द्वारा कलेक्टर श्री वैद्य को जानकारी दी गई। चुनाव के दौरान प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए अधिकारी, कर्मचारियों को जबावदेही सौपी गई है। नाम निर्देशन पत्र दाखिल होने की तिथि से मतदान समाप्ति तक एमसीएमसी कक्ष चौबीस घंटे संचालित होगा। इसके लिए आठ-आठ घंटे के अंतराल पर अधिकारी, कर्मचारियों की नामदर्ज ड्यूटी लगाई गई है।

38 डिग्री पर पहुंचा अधिकतम पारा, आज से गर्मी बढ़ने के आसार

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। मौसम बदलने से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। दिन का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। पिछले दिनों मौसम का मिजाज बदलने के कारण तापमान में कमी देखी गई थी। अब एक बार फिर गर्मी पड़ने लगी है। गुरुवार को हवा चलने से गर्मी का असर कुछ कम हुआ। जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिल रही है। वहीं न्यूनतम तापमान 23 डिग्री पहुंच गया है तो वहीं अधिकतम तापमान 38 डिग्री के पार हो गया है। शुक्रवार को उच्चतम तापमान 39 डिग्री के आसपास और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहने की संभावना है।

नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारी से अपने दायित्व पूरे करने के निर्देश दिए

निर्वाचन आयोग को रोज भेजनी होगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

लोकसभा चुनाव को लेकर नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने कहा कि नोडल अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि समय पर पूरी करें। विभिन्न कार्यों के लिए तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को समुचित प्रशिक्षण देकर उनके उत्तरदायित्वों का निर्वहन कराएं। निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने तक निर्वाचन आयोग को कई रिपोर्ट प्रतिदिन भेजी जाती हैं। सभी नोडल अधिकारी आयोग के यूआरएल पर प्रतिदिन रिपोर्ट दर्ज करें।

कलेक्टर ने वैद्य ने कहा कि नोडल अधिकारी वाहन मतदान दलों तथा सेक्टर आफीसरों के लिए समुचित वाहनों की व्यवस्था करें। दूर के मतदान केन्द्रों के लिए सबसे अच्छी बसें आवंटित करें। जिस दिन मतदान दल रवाना होंगे उस दिन क्रेन की व्यवस्था रखें जिससे खराब वाहन को तत्काल हटाया जा सके। नोडल अधिकारी वर्तमान में तैनात दलों के अलावा लोकेशन ट्रैकिंग करके सत्यापित करें। किसी भी तरह की कठिनाई आने पर उसे वेंडर के माध्यम से दूर कराएं। मतदान सामग्री का मतदान केन्द्रवार आकलन करके उनके थैले तैयार करा लें। इनका वितरण इसके लिए समय पर कैमरे मतदान केन्द्रों में स्थापित करा दें। ईव्हीएम ले जाने वाले सभी वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया जाएगा। मतदान से तीन दिवस पूर्व वाहनों में लगाए गए जीपीएस का सत्यापन कर उनकी रियल डाक मतपत्र की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

कलेक्टर वैद्य ने कहा कि मतदान दल में तैनात कर्मचारियों को अन्य किसी निर्वाचन कार्य में तैनात न करें। शेष बचे अधिकारियों, कर्मचारियों की अन्य कार्यों में तैनाती करें। डाक मतपत्र से मतदान की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिला परिवहन अधिकारी सभी वाहन चालकों-परिचालकों के फार्म 12 डी में आवेदन अनिवार्य रूप से भरवा लें।

तैयार होगा रूट चार्ट

कलेक्टर ने कहा है की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भी चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों के ईडीसी जारी कराएं। दिव्यांगों तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को 7 मई को घर जाकर मतदान कराया जाएगा। इसके लिए रूट चार्ट बनाकर मतदान दल और सेक्टर आफीसर तैनात कर दें। अति आवश्यक सेवाओं में तैनात कर्मियों के ईटीपीबीएस निर्धारित तिथि के बाद प्रतिदिन डाकघर से प्राप्त कर उसे स्ट्रांग रूम में सुरक्षित भंडारित कराएं।

32 हजार 244 वोटर करेंगे पोस्टल बैलेट से मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले की पांचों विधानसभा विदिशा, बासौदा, कुरवाई, सिरोंज और शमशाबाद में आगामी 7 मई को मतदान होगा। जिसमें पोस्टल बैलट के माध्यम से जिले के 32 हजार 244 मतदाता मतदान करेंगे।

पोस्टल बैलट के माध्यम से लोकसभा संसदीय क्षेत्र सागर में शामिल विदिशा जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 146 कुरवाई के 5466 मतदाता मतदान करेंगे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 147 सिरोंज के 7489, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 148 शमशाबाद के 5389 मतदाता इस प्रकार तीनों विधानसभाओं के कुल 18344 मतदाता पोस्टल बैलेट से मतदान करेंगे, जिनमें 85 प्लस आयु के 5477 मतदाता, पीडब्ल्यूडी मतदाता 6957 तथा 5910 अन्य मतदाता शामिल है। इसी प्रकार लोकसभा संसदीय क्षेत्र रायसेन में शामिल विदिशा जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 144 विदिशा के आठ हजार एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 145 बासौदा के 5900 इस प्रकार दोनों विधानसभाओं के मिलाकर कुल 13900 मतदाता पोस्टल बैलट से मतदान करेंगे।

जैन समाज की महिला समिति ने निकाली प्रभातफेरी

विदिशा। सकल जैन समाज महिला समिति की सदस्यों ने प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की जन्म जयंती पर सुबह 6 बजे शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर स्टेशन से प्रभात फेरी निकाली। शीतलधाम में सुबह 7:30 बजे मस्ताभिषेक किया गया। आचार्य आर्जव सागर महामुनिराज ससंघ के मंगल सानिध्य में स्टेशन जैन मंदिर में भक्तामर महामंडल विधान के आयोजन में सहभागिता की ,आचार्य श्री को शास्त्र भेंट किया। इस दौरान जिला सकल जैन समाज महिला समिति की अध्यक्ष सपना राजेश जैन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-4455
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2180
उच्चतम भाव-3200
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव -2175
उच्चतम भाव- 2250
चना
न्यूनतम भाव- 4800
उच्चतम भाव- 5772
मसूर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-6250
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-4700
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3980
उच्चतम भाव-5050
सरसों
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-5410
उड़द
न्यूनतम भाव-5460
उच्चतम भाव-6710
धान
न्यूनतम भाव-2425
उच्चतम भाव-3451
बटरी
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-5900
धनिया
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6500
इमली
न्यूनतम भाव-1915
उच्चतम भाव-1915

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 49392 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई। यहां उल्लेखनीय है कि इन दिनों रबी सीजन की फसलों की गहाई चल रही है और इस कारण मंडी में आवक भी लगातार बढ़ रही है।

खबर संक्षेप

5900 मतदाता करेंगे पोस्टल बैलेट से मतदान

गंजबासौदा। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत बासौदा क्षेत्र में आगामी 7 मई को मतदान होगा। जिसमें पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदाता मतदान करेंगे। पोस्टल बैलट के माध्यम से लोकसभा संसदीय क्षेत्र विदिशा के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 145 बासौदा के 5900 मतदाता पोस्टल बैलट से मतदान करेंगे।

कृषि उपज मंडी में रहेगा अवकाश

गंजबासौदा। कृषि उपज मण्डी समिति सचिव द्वारा विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सोमवार को अमावस्या, मंगलवार को गुड़ी पड़वां, बुधवार को भगवान झूलेलाल जयंती, गुरुवार को ईदुल फितर, शनिवार को माह का दूसरा शनिवार, रविवार को साप्ताहिक अवकाश के चलते कृषि उपज मण्डी समिति में डाक नीलामी कार्य बंद रहेगा। शुक्रवार 12 अप्रैल को डाक नीलामी कार्य चालू रहेगा। कृषि उपज मण्डी समिति ने क्षेत्र के किसानों से अवकाश के दिनों में अपनी कृषि जिंस को नीलामी के लिए न लेकर आने एवं आसपास के किसानों को अवगत कराने की अपील की है।

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने मौके पर पहुंचकर प्राण प्रतिष्ठा का लिया जायजा

राजस्थान और वियतनाम के पत्थर से चमक उठा महाप्रभु का गर्भगृह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





वेत्रवती घाट स्थित दशकों पुराने नौलखी आश्रम के वास्तु शास्त्रानुसार नव निर्माण में गुणवत्ता और मजबूती के साथ-साथ आधुनिकता का भी जोर दिया गया है। जिससे आश्रम के वर्तमान स्वरूप को किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा से नुकसान ना पहुंचे। राजस्थान और वियतनाम के उच्च गुणवत्ता वाले व्हाइट मार्बल का उपयोग आश्रम के गर्भगृह में और फर्श में किया गया है जो कि मजबूती के अलावा लंबे समय तक अपनी चमक बरकरार बनाए रखता है। महाप्रभु जगन्नाथ और भगवान सीताराम के नवीन विग्रह जिस गर्भगृह में विराजमान होने जा रहे हैं उसमें फिनिशिंग का काम भी पूरा हो गया है। जिले के नवागत कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य भी निर्माणधीन आश्रम की गुणवत्ता और कलाकृति को देखकर काफी प्रभावित हुए थे।

उल्लेखनीय है कि नौलखी आश्रम आस्था, भक्ति और श्रद्धा के रूप में जिले का ऐसा स्थान बनने जा रहा है जो साधु संतों के साथ-साथ आध्यात्मिक शांति चाहने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी ऊर्जा का केंद्र बनकर उभरेगा। बरसों तक आश्रम तक पहुंचने के लिए पहले उबड़ खाबड़ कच्चा मार्ग था जिसके कारण यहां आने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए परेशानी होती थी। हर साल जगदीश रथ यात्रा पर नगर पालिका मार्ग में सुधार करती थी जिससे रथ को नगर तक आने में असुविधा न हो। आश्रम के पास ही नगर पालिका का संपवेल पंप है जो कि आश्रम की ही भूमि पर बना हुआ है जहां से पूरे शहर में पानी की सप्लाई होती है। पिछले साल नगर पालिका द्वारा करीब 2 किलोमीटर के इस कच्चे मार्ग पर लाखों रुपए की लागत से डामरीकरण करवा दिया गया है जिससे आवागमन में यह मार्ग अब सुविधाजनक हो गया है। आश्रम में निर्माण कार्य से जुड़े रवि उपाध्याय ने बताया कि उच्च गुणवत्ता वाले मार्बल की तलाश कई जगह की गई, तब कहीं इंजीनियरों की सलाह पर वियतनाम का मार्बल लगाने का निर्णय लिया गया।

श्रद्धालुओं के सहयोग से आश्रम के निर्माण पर अभी तक 4 वर्ष में करीब 2 करोड़ से अधिक की राशि खर्च हो चुकी है। अपनी चमक और मजबूती के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध वियतनाम का व्हाइट मार्बल और ग्रेनाइट आश्रम के निर्माण में उपयोग किया है। महाप्रभु जगन्नाथ, भगवान सीताराम के साथ-साथ हनुमान जी के गर्भगृह को वियतनाम के व्हाइट मार्बल से तैयार किया गया है। आश्रम में निर्माण के दौरान यह ध्यान रखा गया है कि पुराने स्थान पर जो गर्भगृह स्थापित थे उनके स्थान में परिवर्तन ना करते हुए पुराने स्थान पर ही नए गर्भगृह तैयार कराए गए हैं। जिस स्थान पर हनुमान जी का मंदिर स्थापित है उस स्थान को चारों तरफ से हवा और रोशनी के लिए पूरी तरह खुला रखा गया है और उनके सामने सीताराम भगवान की प्रतिमा रहेगी। उत्तर की तरफ भगवान जगन्नाथ स्वामी, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ विराजमान रहेंगे। निर्माणधीन आश्रम की तैयारियों को देखने के लिए घाट पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में काफी इजाफा देखने मिलेगा। पिछले दिनों कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, एसपी दीपक कुमार शुक्ला सहित जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए घाट पर पहुंचे थे। तब कलेक्टर गर्भगृह की कलाकृति, सुंदरता को देखकर काफी प्रभावित हुए थे। गर्भगृह की तस्वीर को अपने मोबाइल में कैद करते हुए उन्होंने निर्माणधीन आश्रम के कार्यों की गुणवत्ता देखकर निर्माण की काफी सराहना की थी। प्राकृतिक संपदा से समृद्ध आश्रम के स्थान, गौशाला और आरसीसी से निर्मित पक्के घाट को देखकर कलेक्टर ने अपने विचार रखते हुए समिति के लोगों से कहा था कि कहा था कि ऐसे स्थान बहुत कम बचे हैं। इसलिए इसे और अच्छा विकसित करके संरक्षित करने की बहुत जरूरत है। इस मौके पर अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

कृषि मंडी से किसान का रुपयों से भरा थैला चोरी

गंजबासौदा। गुरूवार को कंजना पठार स्थित कृषि उपज मंडी में चना बेचने आए किसान का 2 लाख 69 हजार रूपए से भरा थैला अज्ञात चोर चुरा ले गए। जिसके बाद किसान ने पुलिस में शिकायत की और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खैरूआ हाट निवासी सत्य नारायण रघुवंशी चने की नीलामी कराने मंडी पहुंचे थे। चना बेंचने के बाद वे 2 लाख 69 हजार रूपए एक थैले में रखकर ट्रैक्टर ट्रॉली से वापस आ रहे थे। तभी मंडी गेट के पास किसानों की भीड देखकर वे ट्रैक्टर रोककर खडे हो गए। उनका रूपयों से भरा थैला ट्रैक्टर पर ही स्टेयरिंग के पास टंगा था। इस बीच वे ट्रैक्टर से उतरकर किसानों से चर्चा करने लगे, तभी अज्ञात चोर उनके ट्रैक्टर पर टंगे रूपयों से भरे थैले को चुराकर ले गए। रूपए चोरी होने की जानकारी मिलते ही किसान ने पहले मंडी में मौजूद पुलिस को सूचित किया। इसके बाद पुलिस ने आसपास जांच एवं तलाश की,लेकिन चोर का पता नहीं लगा। बाद में देर शाम किसान ने थाने पहुंचकर इस घटना की शिकायत दर्ज कराई। खबर लिखे जाने तक किसान की शिकायत पर प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई जारी है।

शराबी के बीच सड़क पर सोने से लगा रहा सावरकर चौक पर देर तक जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को एक शराबी युवक शराब के नशे में धुत होकर बीच सड़क पर सो गया। जिसके कारण सावरकर चौक पर सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गई। कई वाहन चालकों, पैदल राहगीरों ने शराबी को उठाने की कोशिश की लेकिन अधिक शराब पीने के कारण वह होश में नहीं था और बीच सड़क पर देर तक आराम फरमाता रहा। जिससे इस मार्ग से होकर गुजरने वाले चार पहिया एवं अन्य वाहन चालकों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ा।

भारतीय जनता पार्टी की बैठक आयोजित

गंजबासौदा। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की बैठक हितकारिणी धर्मशाला में संपन्न हुई। जिसमें आगामी कार्य योजना पर चर्चा की गई। बैठक में शक्ति केंद्र से बूथों तक बूथ विजय संकल्प अभियान चलाने को लेकर वक्ताओं ने उपस्थित कार्यकर्ताओं के समक्ष विचार रखे। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, विधायक हरिसिंह रघुवंशी, प्रभारी के रूप में श्याम सुंदर शर्मा, मनोज कटारे ने संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा की जनकल्याणकारी नीति एवं भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान की कार्यशैली से प्रभावित होकर कद्दावर किसान नेता रमेश भदौरिया ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा का दामन थामने के बाद भदौरिया ने जमकर भाजपा की रीति नीति की प्रशंसा की। इससे पूर्व पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष कांग्रेस नेता पवन रिछारिया, संदीप अरोरा सहित अन्य ने भी भाजपा की सदस्यता ली थी। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष सनी भावसार ने किया एवं आभार राजू रैकवार ने माना। इस अवसर पर मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, विधानसभा प्रभारी योगेंद्र सोलंकी, प्रेमनारायण विश्वकर्मा, शैलेंद्र रघुवंशी, जितेंद्र मीणा, राकेश खटीक, मधुलिका अग्रवाल, सुमन आचार्य, सरिता जैन, प्रीति तिवारी, शबनम बी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शिवाजी की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वीर शिवाजी की पुण्यतिथि के अवसर पर शहर वाचनालय में पाठक संघ द्वारा पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज शिवाजी राजे भोसले के नाम से भी जाने जाते हैं। भारत के एक महान योद्धा रणनीतिकार और कुशल शासक थे उनका जन्म 19 फरवरी 1630 में शिवनेरी के दुर्ग में हुआ था। उनके पिता बीजापुर के दरबार में एक उच्च अधिकारी थे। उनकी माता जीजाबाई एक वीर और कुशल योद्धा थी। शिवाजी के राज्याभिषेक पश्चात उन्होंने खुद को मराठा साम्राज्य का स्वतंत्र शासक घोषित किया। पुणे रायगढ़ में छत्रपति शिवाजी के रूप में ताज पहनाया गया। मराठा साम्राज्य उत्तर के अटक से कटक तक और गुजरात बंगाल तथा दक्षिण से उत्तर पाकिस्तान पेशावर लाहौर तक फैला हुआ था। इतिहासकार अटक को मराठा साम्राज्य का अंतिम मोर्चा मानते थे। उन्होंने पेशावर पर हमला किया और भारत सम्राट छत्रपति शिवाजी ने मुगल शासक को समाप्त करने के लिए सदाशिव राव को दिल्ली भेजा। उनका एकमात्र लक्ष्य भारत को एक स्वतंत्र हिंदू राज्य स्थापित करना था और उन्होंने इसे हासिल भी किया जो लगभग 200 वर्षों तक अस्तित्व में रहा। ऐसे वीर योद्धा की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के प्रांतीय संयोजक दीपक तिवारी, वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार, राकेश शर्मा, घनश्याम सेन,कैलाश नेमा, कैलाश नामदेव, उत्तम सोनी, देवेंद्र शर्मा, विजय अरोरा आदि मौजूद थे।

नीलामी के लिए कृषि जिंस की ट्रैक्टर ट्राली रहने पर किसानों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को शाम के समय कृषि उपज मण्डी में नीलामी के लिए तीन लाइनें जिनमें लगभग 100 ट्रेक्टर, ट्राली शेष रह गए। जिनकी नीलामी शाम तक नहीं हो सकी। शुक्रवार को अवकाश के चलते किसानों ने शेष बची ट्रेक्टर,ट्राली की जिंसों की नीलामी की मांग मण्डी व्यापारियों एवं मण्डी प्रशासन से की। लेकिन जब किसानों की कृषि जिंसों की नीलामी शुरु नहीं हुई तो उन्होंने मण्डी के मुख्य द्वार पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। लेकिन मण्डी प्रशासन और व्यापारियों द्वारा बताया गया कि दिन भर नीलामी कार्य जारी रहा, अधिक ट्रेक्टर, ट्राली होने के कारण उक्त किसानों की जिंसों की नालामी नहीं हो सकी है। जिसके बाद कुछ किसान अपने ट्रेक्टर, ट्राली जिनमें कृषि जिंस भरी हुई थीं। उन्हे अपने गांव वापस ले गए तथा कुछ किसान मण्डी में ही रुक गए जो 6 अप्रैल को अपनी कृषि जिंसों की नीलामी करवाएंगे।

देहात थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका को भगाकर ले जाने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

गंजबासौदा। देहात थाना प्रभारी हरिकिशन लोहिया के नेतृत्व में ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाने पर अपहृत नाबालिग बालिका के पिता द्वारा विगत दिनों अपनी नाबालिग पुत्री को संदेही विशाल बाल्मीकि उम्र 20 साल निवासी ग्राम अमोदा द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर से थाने पर धारा 363 भादंवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। जिसमें एक विशेष टीम को नाबालिग बालिका की दस्तयाबी हेतु तत्परता से लगाया गया था। जिसमें सफलता प्राप्त करते हुए नाबालिग अपहृत बालिका को दस्तयाब किया गया। साथ ही आरोपी विशाल बाल्मीकि को गिरफ्तार कर लिया गया। बाद बालिका के बयान के आधार पर प्रकरण में इजाफा धारा 366, 376, 344 भादंवि 5(I)/6 पास्को एक्ट की जाकर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाऐगा। उक्त कार्रवाई में दिव्या पारासर, लक्ष्मण सिहं रघुवंशी,शिशुपाल दांगी, प्रगति नगायच, रोशनी राजपूत, अनिल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त जानकारी एसडीओपी मनोज मिश्रा द्वारा दी गई।

प्रशिक्षण कर्ताओं ने विद्यार्थियों को बारीकि से समझाया

कृषि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कृषि महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ष के छात्र पढ़ाई के बाद कैसे रोजगार के क्षेत्र में प्रगति कर सकते हैं। यह जानकारी डेमोस्ट्रेशन के माध्यम से बुधवार को पठारी में दी गई। चतुर्थ वर्ष की पढ़ाई पूरी करने के बाद कृषि महाविद्यालय छोड़ने से पहले छात्रों को स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर छात्रों को विशेषज्ञ ने बताया कि 4 साल के दौरान महाविद्यालय में कृषि को लेकर जो सीखा है, उसके माध्यम से किसानों को उन्नत खेती के गुरु सिखा सकते हैं। बीज कैसे बनाया जाता है, पौध किस प्रकार तैयार की जाती है, फसलों में दवा का छिड़काव कैसे करना चाहिए, आदि का किसानों को प्रशिक्षण देकर वे खुद भी रोजगार से जुड़ सकते हैं। विशेषज्ञ ने बताया कि छात्र आत्मनिर्भर बनने के लिए खुद का व्यापार प्रारंभ कर सकते हैं। इसके लिए बैंक से ऋण लिया जा सकता है। इस मौके पर मृदा वैज्ञानिक डॉक्टर आरके भटनागर ने मिट्टी से संबंधित, बीज वैज्ञानिक डॉक्टर राममोहन शर्मा और कीट वैज्ञानिक व प्राचार्य डॉ. डॉक्टर विनोद गर्ग ने छात्रों को अपने-अपने विषय से संबंधित जानकारियां दीं। इसके अलावा बताया कि सरकार स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत स्वयं का व्यापार लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इस कार्यक्रम से भी जुड़कर छात्र अपना स्वयं का उद्योग लगाकर दूसरों को भी रोजगार दे सकते हैं।

'समाज में दुख और अशांति बढ़ती जा रही'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस त्योंदा में ईश्वरीय प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय सेवा केंद्र पर शिव जयंती महोत्सव मनाया गया। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसमें बालिकाओं द्वारा भजन गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर जमकर तालियां बटोरीं। इसके अलावा विधि विधान के साथ झंडा बंधन किया। कार्यक्रम का संचालन दीपक भाई द्वारा किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने कहा कि आज समाज में दुख अशांति दुर्गुणता बढ़ती ही जा रही है। अगर फिर से समाज में मूल्यवान और चरित्रवान बनाना है, तो अपने जीवन को राजयोगी के मार्ग पर चलकर परमात्मा से अपना बुद्धि का सर्व संबंध जोड़कर जैसे परमात्मा शिव भोलेनाथ बाबा विश्वनाथ शांति के दो गुना शक्तियों के सागर है, तो हम भी अपने जीवन को सुख शांति मैं उनसे जोड़कर बनाएं जब हम समुद्र के निारे खड़े होते हैं, तो वह हमें शीतलता प्रदान करता है। अग्नि के समक्ष खड़े होते हैं तो वह हमें गर्मी प्रदान करती है। ऐसे ही परमात्मा के सम्मुख अपने आपको खड़ा करें तो सुख शांति अनुभव करेंगे क्यों कि आज समाज में साधन बढ़ते जा रहे हैं लेकिन साधना हमको सब पीछे छोड़ने जा रहे हैं, तो आज आवश्यकता है साधनों के बीच रहते हुए साधना की। साधना में ईश्वर्या मर्यादाओं को अपने जीवन में धारण करना जैसे बाबा बैद्यनाथ हम सभी उनकी संतान है और हम भी अपने जीवन को नशा मुक्ति एवं विकारों से मुक्त बनें। उदयपुर से आई बीके अर्चना दीदी ने कहा कि इस समय दुख और शांति समाज में बढ़ती ही जा रही है। इसको मिटाने के लिए हमें इस समय इनर पावर की आवश्यकता है और वह हमें बाबा भोलेनाथ से ही प्राप्त हो सकती है। कार्यक्रम के अंत में ब्रह्माकुमारी पिंकी बहन ने आभार किया। इस मौके पर ग्राम के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

आज मनाई जाएगी मां कर्मा जयंती

गंजबासौदा। साहू समाज द्वारा शुक्रवार को साहू समाज धर्मशाला में मां कर्मा देवी मंदिर पचमा रोड पर कर्मा देवी जंयती धूमधाम से मनाई जाऐगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरिसिंह रघुवंशी होंगे, अध्यक्षता भगवान दास साहू करेंगे। नगर साहू समाज अध्यक्ष काशी राम साहू ने बताया कि मां कर्मा देवी जंयती में विशाल वाहन रैली सिद्धेश्वर मंदिर धर्मकांटा बरेठ रोड से मुख्य मार्गों से होकर मां कर्मा देवी मंदिर पचमा बायपास रोड पहुंचेगी।

नगर पालिका की ढील-पोल: ठेकेदार सागर के और उपयंत्री शमशाबाद के दोनों ही गोल

6 माह से अधूरा पड़ा सड़क निर्माण का कार्य, वार्डवासी और राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक 16 के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल से लेकर रोहिलपुरा चौराहा तक लगभग एक किलो मीटर तक की सड़क का निर्माण कार्य होना था जो कि लगभग पिछले 4 वर्षो से लंबित पड़ा हुआ था। वही 6 माह पूर्व सागर के एक ठेकेदार द्वारा सिरोंज नपा के कागजो में अटेंचमेंट सब इंजीनियर विजय इनबे ने डामरीकरण से सडक का निर्माण करने का कार्य प्रांरभ किया। इस एक किलो मीटर के रोड पर ठेकेदार द्वारा गिट्टी डालकर कुछ ही दिनों बाद काम बंद कर दिया गया। उक्त सड़क पर गिट्टी डलने के कारण आए दिन दो पाहिया वाहन चालक दुर्घटनाओं के शिकार हो रहें है। वही उस रास्ते पर शमशान घाट व मंदिर होने के कारण शव यात्रा में बिना चप्पल,जूतो के जो व्यक्ति उक्त रास्ते से गुजरते है तो उनके पैरो में काफी चौटे आ रही है। यह सब हालात देखते हुए भी प्रशासन व जनप्रतिनिधि मूर्खक दर्शक की तरह देख रहें है।

नपा द्वारा बनाई जा रही उक्त सड़क के उपयंत्री शमशाबाद के और ठेकेदार सागर के लेकिन इस वक्त दोनो गोल - नगर के वार्ड क्रमांक 16 में हाई स्कूल से

लेकर रोहिलपुरा चौराहा तक एक किलो मीटर की सड़क का निर्माण लगभग 44 लाख रूपये की लागत से किया जाना था। वही लगभग 6 माह पहले ठेकेदार द्वारा उक्त सड़क का कार्य प्रांरभ कर पूरी सड़क की गुदाई कर बडी बडी गिट्टी डाल दी गई और गिट्टी डालने के बाद ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य को रोक दिया गया। जिसके चलते सड़क पर गिट्टी बिछी होने से दिन के समय तो हादसे हो ही रहें। वही जब भी कोई व्यक्ति रात्रि के समय उक्त सड़क से गुजर रहा तो राहगीरो के दो पाहिया वाहन गिट्टी पर फिसलने के कारण आए दिन नागरिक गिरकर घायल हो रहें है। नपा द्वारा उक्त सड़क निर्माण का कार्य 3 माह में होना था। लेकिन कई महिने बीत जाने के बाद भी ठेकेदार द्वारा सड़क का

एसडीएम के आदेशों को भी उड़ाया हवा में

उक्त सड़क निर्माण को लेकर वार्डवासी एंव वार्ड पार्षद अंजली तोषमणी पंथी ने कई बार नपा की बैठको व एसडीएम हर्षल चौधरी को निर्माण कार्य पूरा करने की शिकायते की। तब जाकर एसडीएम हर्षल चौधरी ने सख्त लैजे में ठेकेदार को शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य पूरा करने का आदेश दिया। लेकिन ठेकेदार ने एसडीएम के उक्त आदेश को भी हवा में उडा दिया फिर भी नपा ने ठेकेदार के विरूद्ध कोई

बारिश में रोड का बहना निश्चित

वार्ड पार्षद व वार्डवासियों द्वारा सड़क निर्माण कार्य को लेकर कई शिकायते की गई। इन शिकायतो के बाद सड़क का निर्माण कार्य प्रांरभ हुआ। वही वार्डवासियों का कहना है कि उक्त सड़क का निर्माण सीसी रोड से होना था। लेकिन ठेकेदार द्वारा डामरीकरण से सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। वही उन्होने कहा कि उक्त सड़क पर पानी का बहाब अधिक होने के कारण डामरीकरण वाले रोड कुछ ही महिनो में पूरा उखड जाएगा। यदि सीसी रोड का निर्माण होता तो वह कई साल तक चलता। लेकिन नपा के इस ओर कोई ध्यान न देने के कारण ठेकेदार द्वारा सड़क पर गिट्टी डालकर गिट्टी के ऊपर डामरीकरण किया जा रहा है।

ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी

उक्त सड़क निर्माण के लिए जो ठेकेदार द्वारा कार्य किया जा रहा था। वह ठेकेदार निर्माण कार्य का अधूरा छोडकर चले गए है। नपा द्वारा ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

अखिलेश मारको, उपयंत्री नगर पालिका परिषद सिरांज।

मेरा स्थानांतरण गंजबासौदा हो चुका है

मुझे दो वर्षो से नगर पालिका परिषद सिरोंज सप्ताह में दो दिन आने के लिए अटैच किया गया था। वर्तमान में मेरा स्थानातरण गज बासौदा हो गया है।

विजय इनबे,उपयंत्री।

नपा उपयंत्री कागजों में कर रहें सड़क का निर्माण कार्य

नगर पालिका परिषद द्वारा शमशाबाद नगर परिषद में पदस्थ में उपयंत्री विजय इनबे को नपा सिरोंज में अटैचमेंट कर रखा है। यह अटैचमेंट विगत दो वर्षो से चल रहा है और उक्त उपयंत्री द्वारा आज तक कभी भी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करने नही आए। इनके निरीक्षण भी कागजो में ही चलते रहें और भुगतान संबधी पूरी कार्यवाही शमशाबाद में होती रही। इनके पास सिरोंज नपा के वार्ड क्रमांक 11 से लेकर वार्ड क्रमांक 21 तक के सभी निर्माण कार्य कराने का जिम्मा है। लेकिन उपयंत्री द्वारा नपा की आखों में धूल झूखकर सिरोंज के नागरिको को धोका दिया जा रहा है। वही सिरोंज नपा में 6 माह पूर्व उपयंत्री अखिलेश मारको के पास वार्ड क्रमांक 1 से 10 तक के निर्माण कार्यो का जिम्मा है। लेकिन यह बात समझ से परे है कि नपा द्वारा नपा में पदस्थ उपयंत्री को छोडकर बाहरी उपयंत्री को सिरोंज नपा में अटैच कर रखा है।

ताम्रकार के स्थानांतरण पर अधिवक्ता संघ ने किया विदाई समारोह का आयोजन

एडवोकेट कपिल त्यागी ने की अपूर्वा ताम्रकार के कार्यकाल में किए गए कार्यों की प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिरोंज न्यायालय में पदस्थ व्यवहार न्यायाधीश खण्ड सुश्री अपूर्वा ताम्रकार का स्थानातरण सिरोंज से सिवनी जिले के लखनादौन होने पर अधिवक्ता संघ द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी व संघ के सभी सदस्यो ने सुश्री अपूर्वा ताम्रकार का शॉल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। वही एडवोकेट कपिल त्यागी ने सुश्री ताम्रकार के कार्यकाल में किए गए कार्यो की सराहना की। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के सचिव पीयूष चौरसिया, सह सचिव अख्तर खान, कोषाध्यक्ष रितेश अग्रवाल, पुस्तकालय प्रभारी दिनेश शर्मा, मीडिया प्रभारी अशोक शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता के के नगीना, प्रकाश शर्मा, अवध नारायण श्रीवास्तव राहुल, देव शर्मा, रामस्वरूप यादव, अजय शर्मा, हेमेंद्र श्रीवास्तव, वकील यादव, उमेश आदि अधिवक्ता मौजूद रहें।

छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने का दिया संदेश

सिरोंज। लोक सभा चुनाव के तहत स्वीप गतिविधि अंतर्गत गुरूवार को सीएम राइस विद्यालय में विकास खंड शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी,विद्यालय प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार के मार्गदर्शन में विद्यालय की छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने का संदेश दिया गया। वही रंगोली बनाने वाली छात्राओं को प्रोत्साहन हेतु प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

यात्रियों की असुविधा को लेकर जिला बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

यातायात के नए नियमों के चलते स्कूली बच्चो को आने-जाने में देना पड़ रहा कई गुना अधिक किराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिरोंज से विदिशा,बासौदा,आरोन,गुना आने जाने वाले बसें कई वर्षो से बस स्टेण्ड से निकलकर नगर के बलेजा पेट्रोल पम्प व छत्री नाका चौराहा पर रूककर सवारियों को उतारती व बैठाती है। लेकिन विगत दिनों पूर्व यातायात प्रभारी द्वारा एक आदेश जारी करते हुए छत्री नाका चौराहा पर रूकने वाली बसो का रोहिलपुरा चौराहा पर और बलेजा पेट्रोल पम्प पर रूकने वाली बसो को बासौदा बायपास पर रूकवाया जा रहा है। जिससे चलते बसो में यात्रा करने वाले यात्रियों व स्कूली बच्चों को शहर से रोहिलपुरा चौराहा व बासौदा बायपास की दूरी अधिक होने के कारण काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है।

साथ ही ग्रामीण क्षेत्रो से सिरोंज आने वाले स्कूली बच्चे 5 से 10 रूपये में बस में सफर करते है वही नए द्वारा आदेश जारी होने के बाद स्कूली बच्चो को स्कूल जाने के लिए पैदल ही काफी लंबी दूरी तय करना पड़ रहा है। स्कूली छात्र जब रोहिलपुरा चौराहा पर बस से उतरकर ऑटो या रिक्शा लेता है तो बच्चो को 100 से 150 रूपये ऑटो का किराया देना पड रहा है। जिसके चलते स्कूली बच्चो व बसो में सफर करने वाले अन्य यात्रियों को यातायात के नए नियमों के कारण काफी परेशानियो का सामना करना पड रहा है।

जिला बस आपरेटर एसोसिशन ने विधायक के नाम सौपा ज्ञापन

यात्री बसो में सफर करने वाले यात्रियो व स्कूली बच्चो को हो रही असुविधा को लेकर गुरूवार को जिला बस आपरेटर एसोसिएशन के सदस्यो ने तहसील कार्यालय पहुचकर विधायक उमाकांत शर्मा के नाम एसडीएम हर्षल चौधरी को ज्ञापन सौपनें पहुचें। लेकिन एसडीएम हर्षल चौधरी तहसील कार्यालय में चल रही ग्राम पंचायत महादेवखेडी की पुर्नमतगणना में व्यस्त होने के कारण एसोसिएशन के सदस्यों ने थाना प्रभारी संदीप पवार को ज्ञापन सौपा। जिसमें उल्लेख किया गया कि यातायात प्रभारी द्वारा जो आदेश जारी किया गया है उसमें जिले के सभी शहरों को आने जाने वाली बसों का मार्ग परिवर्तन कर दिया गया है। उक्त आदेश में शहर की बस स्टेण्ड से बस का आने जाने का मार्ग परिवर्तन करने से यात्री बसों से जो यात्री सफर करते है उनको बसों में यात्रा करने में काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। नगर के छत्री नाका चौराहा व बलेजा पेट्रोल पम्प पर यात्री बसो में सवारिया बिठालने में काफी सुविधा होती थी। लेकिन बसो के दोनो चौराहो पर न रूकने के कारण यात्रियो को काफी असुविधा का सामना करना पड रहा है। इस दौरान एसोसिएशन के सदस्य कामरात पाटीदार,तोषमणी पंथी कन्ना,नरेन्द्र सोनी,आशीष तारण,जावेद भाई,अनवार भाई,कमर हाफिज जी, सलीम भाई, अशोक नुननुन,तरबर,शेखर पाटीदार आदि लोग मौजूद रहें।

बस स्टेंड पर बसों को खड़ा करने पर बनाया जाता है 500 रुपए का चालान

एसोसिएशन द्वारा ज्ञापन में बताया गया कि यातायात प्रभारी द्वारा नगर के नवीन बस स्टेण्ड पर बसो को खडा नही होने दिया जाता। यदि गलती से निर्धारित स्थान के अलावा अन्य जगह बस को खडा कर दिया जाता है तो बस पर 500 रूपये का चालान बना दिया जाता है। जबकि बस स्टेण्ड बसों के रूकने का ही स्थान है। यातायात प्रभारी द्वारा जारी आदेश में जो बसो का रूकने का स्थान निर्धारित किया गया है उससे सवारियो के सामने बहुत जटिल समस्या उत्पन्न हो गई है। सवारियो को आने जाने में बाजार से छत्री नाके व बलेजा पेट्रोल पम्प बासौदा नाका की दूर कम है। साथ ही शहर के बीच में से बसों के आवागमन से स्कूली बच्चो आने जाने में सुविधा होती है। लेकिन उक्त आदेश के स्थान अनुसार ग्रामीण क्षेत्रो से आने वाले बच्चो को कई गुना यात्रा की कीमत चुकानी पड़ रही है। साथ ही आदेश में जो स्थान निर्धारित किए गए है उक्त स्थानो पर न तो यात्रियो को रूकने के लिए प्रतिक्षालय है और न ही यात्रियो को पीने के लिए पानी की कोई व्यवस्था है। वही उन्होने कहा कि उक्त स्थान शहर से काफी दूर होने के कारण और चहलपहल न होने से किसी के साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है।

मृदा संरक्षण के लिए जैविक खाद की उपयोगिता पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन

मृदा संरक्षण के लिए सर्वोत्तम जैविक खाद विषय पर एक दिवसीय कृषक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के तत्वाधान में प्रगत सामाजिक विकास संस्थान भोपाल द्वारा नटेरन में किया गया।

इस कार्यशाला को जैविक खाद की उपयोगिता एवं निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर किसानों हेतु आयोजित किया गया । कार्यशाला के उदघाटन सत्र में सरपंच राम बाई,सचिव मनोज तिवारी, श्रीराम चंद्र वर्मा, रूरल हॉर्टिकल्चर एक्सटेंशन ऑफिसर श्री जी गिरवार, नर्सरी प्रभारी, उद्यानिकी और कृषि महाविद्यालय, गंजबासौदा की सहायक प्राध्यापक श्रीमती अपर्णा जैसवाल आदि अतिथि सम्मिलित हुए, जिनका स्वागत श्रीमती ऋतु नरूला, अध्यक्ष प्रगत सामाजिक विकास संस्थान भोपाल द्वारा कर विधिवत कार्यशाला प्रारंभ की गई। कार्यक्रम

का संचालन कृषि विभाग, विदिशा के फेसिलिटेटर श्री एमएस रघुवंशी द्वारा किया गया। कार्यशाला में किसानों को मृदा संरक्षण में जैविक खाद की उपयोगिता एवं निर्माण पर कृषि विशेषज्ञों द्वारा प्रकाश डाला गया, और विस्तृत जानकारी प्रदान की गई कि किस प्रकार जैविक खाद मृदा संरक्षण में उपयोगी है।

श्रीमती जैसवाल ने जैविक खाद के महत्व बताते हुए स्पष्ट किया कि आज बदलती कृषि प्रणाली ने हमारे सामने कुछ प्रश्न चिन्ह खड़े किए हैं तथा रासायनिक खाद के हो रहे निरंतर प्रयोग से हम अपनी भूमि को बंजर करते जा रहे हैं और रासायनिक उर्वरक का अधिक प्रयोग अनेकों रोगों को जन्म देने का कारक है । इसके साथ यह भी बताया गया कि इलेक्ट्रोनिक विपरण से कैसे जैविक खेती में आगे बढ़ा जा सकता है? श्री महाराज सिंह रघुवंशी ने हरी खाद पर प्रकाश डाला तथा आशा व्यक्त की कि इस कार्यशाला के आशातीत परिणाम आएंगे और लोग रसायनिक खादों को छोड़ जैविक खाद का महत्व, भूमि की उर्वरिक क्षमता, ऑर्गेनिक उत्पादों से अंततः लाभप्रदता के महत्व को समझेंगे । कार्यशाला में क्षेत्र किसानों , महिलाओं और कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बहुतायत संख्या में प्रतिभागिता की।

परमात्मा के मिलन में माया का अवरोधः ब्रम्हचारी जी महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

श्री नरसिंह टेकरी हनुमान मंदिर प्रांगण में जारी श्रीराम कथा महोत्सव के चतुर्थ दिवस कथा व्यास पू. ब्रम्हचारी जी महाराज ने श्रीराम चरित मानस की महत्ता का वर्णन करते हुए कहा कि मानस सभी वेद पुराण शास्त्रों का सार है। कहा कि मानस सभी वेद पुराण शास्त्रों का सार है। कहा कि शास्त्रों का अध्ययन करने वाला ही मानस की दोहा चौपाई का सही अर्थ लगा पाते है।

कथा सुनने से माया का नाशः ब्रम्हचारी महाराज ने कहा कि जीवात्मा और परमात्मा के मिलन में माया सबसे बडी बाधा अवरोध है। जीव माया मोह की रात्रि में फंसा रहता है। कहा कि एक रात्रि जो सूर्यास्त के बाद होती है। दूसरी काल रात्रि बन कर आती है। तीसरी माया मोह के 6 विकार भी बताया कि तेरा मेरा मानना माया है। कहा कि मोह के नष्ट हुए बिना भगवान में दृढ़ अनुराग नहीं हो सकता, माया का नाश कथा श्रवण से होता है।

पू. ब्रम्हचारी जी ने श्री नारायण के मनुष्य अवतार की कथा का विस्तार से वर्ण किया । समाज में धर्म आचरण का मार्ग दिखाने, सुर नर मुनि धेनु एवं संतों की रक्षा करने और मनुष्यों को चारों पुरुषार्थों का वरदान देने भगवान ने मनुष्य रूप में अवतार लिया।

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए बाड़ी-बरेली में बने 50 खरीदी केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद 20 मार्च से शुरू होने की घोषणा की गई। संपूर्ण रायसेन जिले में सबसे अधिक गेहूं का उत्पादन बाडी बरेली तहसील में होता है। प्रति वर्ष सबसे अधिक खरीदी केन्द्र भी बाडी बरेली तहसीलों में बनाये जाते है। गेहूं की खरीद शुरू हुए लगभग 15 दिनों का समय बीतने वाला है। अभी खरीदी केन्द्र बनाने और वेयर हाउस अटैच किए जाने की प्रक्रिया ही चल रही है। जबकि होली के बाद से संपूर्ण क्षेत्र में गेहूं की कटाई का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो गया है।

हारवेस्टरों से कट गेहूं की किसानों द्वारा घर आंगन और खेतों में ढेर लगाकर समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद तौल शुरू होने का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। चुनाव आचार संहिता के लागू होने के बाद भी खरीदी केन्द्रों के संचालन खरीद एवं व्यवस्थाएं शुरू न होने से किसानों में असंतोष पनप रहा है। क्या बिलम्व जान बूझ कर किया जा रहा है। किसानों बीच व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है। क्या इसी प्रकार ढीली और लचर खरीदी व्यवस्थाओं के बीच नागरिक आपूर्ति निगम का समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का लक्ष्य पूर्ण हो पाएगा। नवरात्रि बाद विवादों का सीजन शुरू हो रहा है। किसान उपज नहीं तौल पाए तो उन्हें अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने राशि का कब भुगतान मिलेगा, आर्थिक तंगी के बीच बैंकों के ऋण अन्य जरूरी कार्यों के साथ विवाहो के खर्चो के लिए राशि का बंदोवस्त कैसे हो पाएगा। बाड़ी और बरेली तहसीलों में लगभग 50 खरीदी केन्द्र बनाये जाने की चर्चा है। क्षेत्र की अधिकांश सहकारी संस्थाएं एवं मार्केटिंग सोसायटी द्वारा ही समर्थन मूल्य पर गेहूं के साथ चना इत्यादि की खरीद की जाती है। बरेली सहकारी संस्था में 2, बांसपिपरिया सहकारी संस्था के अंतर्गत &, धोखेडा संस्था में 2 चैनपुर संस्था में &, ऊटियां कलां संस्था में 2, कामतौन संस्था में 2, बागपिपरिया संस्था में 2, डूमर एवं घाट पिपरिया में एक-एक, गगनवाडा, बगलवाडा के साथ मगरधा संस्था में 2, एवं मार्केटिंग सोसायटी बरेली में 2 केन्द्र कुल 24 केन्द्र बनाये जाने की चर्चा है। बाडी क्षेत्र की 6 सहकारी संस्थाओं में भैसाया संस्था में 2 गूगलवाडा संस्था में 3, बाडी संस्था में 2, कन्हवार संस्था में 3, देहरी कलां, भारक'छकलां बडोदिया कला सहित कुल 12 केन्द्र बनाये जाने की चर्चा है। खरगौन क्षेत्र की छुछाहर संस्था में 2 खरगौन में 2 जामगढ में 2, उदयगिरी संस्था के अंतर्गत 2, खरीदी केन्द्र बनाए जाने की चर्चा है।

वेयर हाउस अटैच की जारी प्रक्रियाः समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में सबसे महत्वपूर्ण केन्द्र बनाना होता हैं। 20 मार्च से खरीदी की शुरूआत होने से लगभग 15 दिनों में भी खरीदी केन्द्र बनना और केन्द्रो के लिए वेयरहाउस के लिए एटैच किये जाने कि प्रक्रिया चल रही हैं। जव उक्त प्रक्रिया पूर्ण तभी खरीदी प्रारंभ होगी । कुछ केन्द्रो पर वेयरहाउस अटैच की सूचना है परन्तु खरीदी के लिए व्यवस्थाओं में उदासीनता गेहूं बेचने वाले किसानों पर भारी पड़ रही है। किसानों के यहां कटे गेहूं के ढेर लग रहे है। खरीदी तत्काल शुरू किए जाने की किसानों द्वारा मांग की जा रही है।

महिला कर्मचारियों ने पहले हाथों में मेहंदी लगाई फिर रैली निकालकर किया मतदान करने का आव्हान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ग्राम पंचायत सेऊ में महिला अधिकारियों कर्मचारियों ने मेंहदी लगाकर व रैली निकालकर मतदान करने का आव्हान किया है। लोगों को दिलाई मतदान करने की शपथ दिलाई गई। पंचायत सचिव राजकुमार प्रजापति ने बताया की ग्राम पंचायत सेऊ जनपद पंचायत नटेरन में मप्र लोक प्रशासनिक सेवा में चयनित हुए डीएसपी, श्रम अधिकारी , उद्योग अधिकारी एवं नायब तहसीलदार के पद पर चयनित हुए 5 सदस्यीय दल द्वारा ग्राम पंचायत सेऊ का भ्रमण किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, गोशाला, आजीविका मिशन, मनरेगा सहित शासन की अन्य योजनाओं के

बारे में जानकारी ली गई। साथ ही ग्राम पंचायत सेऊ में स्वीप गतिविधि में सहभागिता की। महिला अधिकारियों कर्मचारियों ने अपने हाथों में मेहंदी लगाकर लोगों से मतदान करने का आव्हान किया। उन्होंने लोगों के बीच कहा कि कितना भी जरूरी काम हो पर हमको मतदान करने जरूर जाना है। अपने वोट का निष्पक्ष उपयोग हमको करना होगा। अतिरिक्त मनरेगा अधिकारी अर्चना सिंह ने सभी को मतदान की शपथ दिलाई इस मौके पर उपयंत्री राजीव सोलंकी ग्राम पंचायत की महिला सरपंच कृष्णा बाई मालवीय के प्रतिनिधि विकेश मालवीय, पंचायत सचिव राजकुमार प्रजापति, स्कूल के प्राचार्य भगवानदास जाटव,भगवानदास जाटव, उधमचंद अहिरवार, पुष्पा चौधरी, रानी, बी खान, प्रियंका तिवारी, अनामिका तिवारी, रचना सक्सेना, हेरमन लकड़ा, सोशन लकड़ा, आनंद श्रीवास्तव, सावित्री सोनी, साधना शर्मा, अजय माथुर, प्रमोद माथुर, शिवराज कलावत, प्रकाश अहिरवार, तरंग पराशर, सीमा कड़वे सिंह, पुष्पा चौधरी, जयप्रकाश शर्मा, आनंद श्रीवास्तव ग्राम पंचायत क्षेत्रकी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा आदि मौजूद रहे।

चौबीस घंटों में मिल रही दो-चार घंटे बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

गर्मी का सीजन शुरू होते ही ग्रामीण क्षेत्र में बिजली न रहने की दुखदायक एवं परेशानियों भरी स्थिति का सामना हजारों किसानों, ग्रामीणों को प्रतिदिन करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की फैली व्यापक अव्यवस्था या जनबूझ कर कटोती के कारण किसानों करो 24 घण्टों में बमुश्किल दो चार घण्टे ही बिजली मिल पा रही है।

बरेली विद्युत संभाग 132 केव्ही स्टेशन से बरेली नगर के साथ बरेली ग्रामीण बाडी खरगौन बम्होरी सिलवानी उदयपुरा देवरी क्षेत्र में सैकडों किलोमीटर विद्युत लाइने फैली हुई है। घरेलु एवं कृषि से संबंधित हजारों ट्रांसफार्मर रखे हुए है। स्थान-स्थानल परी आडे तिरछे बिजली के खम्बे और ढीले झूलते तार आपस में टकराने से फाल्ट का कारण बनते रहते है। मेंटनेश के नाम पर रखे ट्रांसफार्मरों की मरम्मत देख रेख और नीचे झूलते ढीले तारों को ठीक किए जाने के प्रति उदासीनता बनी रहती है।

बिजली का इंतजार

क्षेत्र के किसानों ने गर्मी की मूंग की खेती के लिए बोवनी शुरू कर दी गई है। गर्मी के साथ सूरज की किरणों के तीखे तेवर बने हुए है। दिन और रात का तापमान भी बढ रहा है। किसानों एवं ग्रामीणों को जब बिजली की सबसे अधिक जरूरत है तभी 24 घण्टों में से लगभग 20 घण्टे बिजली न रहने के साथ कभी भी बिजली

जाने आने की बदहाल स्थिति मूंग की खेती में फसल सिंचाई में सबसे बडी बाधा वन रही है। दिन भर किसानी फीडर की बिजली गायब रहने और रात में बिजली आने जाने के कारण मूंग की बोवनी करने के आने जाने कारण मूंग की बोवनी करने के साथ किसान सिंचाई के लिए रतजगा कर रहे है।

शिकायत पर भोपाल लोकायुक्त ने की कार्रवाई

रिश्वत लेते रेंजर-डिप्टी रेंजर रंगे हाथ धराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

रिश्वत का रसूख बताते वन विभाग के रेंजर और डिप्टी रेंजर गुरुवार शाम लोकायुक्त के सामने रंगे हाथो धरा गए। भोपाल से आई लोकायुक्त की टीम ने इटारसी के रेंज आफिस में रेंजर, डिप्टी रेंजर को एक किसान से टीपी जारी करने के एवज में रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा और एफआईआर करके भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की।

सिस्टम है पैसा तो लगेगा

ग्राम दमदम के किसान और अधिवक्ता लोकेन्द्र सिंह की जमीन पर लगे सागौन के पेड़ की कटिंग के बाद उनको बेचने लोकेन्द्र पटेल ने तहसील और ग्राम पंचायत में समस्त औपचारिकता पूर्ण करने के बाद वन विभाग से टीपी जारी करने के लिए आवेदन किया था। टीपी जारी करने के एवज में डिप्टी रेंजर राजेन्द्र नागवंशी ने पहले 19 हजार रुपए मांगे। पटेल ने कहा कि वे अधिवक्ता हैं, उनको तो छोड़ दो। नागवंशी ने कहा कि यह तो सिस्टम है, पैसा देना ही पड़ता है।

लोकायुक्त में शिकायत की

लोकेन्द्र पटेल ने इसकी शिकायत लोकायुक्त भोपाल में की। गुरुवार को राजेन्द्र नागवंशी को बताये गये स्थान पुरानी इटारसी स्थित एक पान की दुकान पर 12 हजार देना तय हुआ था। लोकेन्द्र पटेल ने जब नागवंशी को पैसे दिये तो उसने कहा कि इसमें से पांच हजार रेंजर को, पांच हजार स्वयं और दो हजार वनपाल को देना है। पटेल ने कहा कि वे रेंजर श्रेयांस जैन को पैसा दे देंगे। गुरुवार को रेंजर श्रेयांस जैन को पैसा देते वक्त लोकायुक्त ने रंगे हाथों पकड़ लिया।

कलेक्टर ने सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षक से की मुलाकात

नर्मदापुरम। संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17-होशंगाबाद के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.प्रीतम बी यशवंत एवं पुलिस प्रेक्षक सी संतोष कुमार तुकाराम का आगमन कल रात्रि नर्मदापुरम जिले में हो चुका है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने गुरुवार को सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षक से सर्किट हाउस में मुलाकात की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रेक्षकों को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में निर्वाचन से संबंधित तैयारियों एवं प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने प्रेक्षकों को जिले में चाक चौबंद कानून व्यवस्था की स्थिति से भी अवगत कराया।

अंबाड़ी-मुश्काबाद के जंगल में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

आगजनी की घटना बढ़ती देख लोगों ने उठाई फायर ब्रिगेड की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले गांव मुस्काबाद और अंबाडी के पहाड़ों पर गुरुवार सुबह आग धधकती हुई नजर आई। आग लगातार जंगल में फैल रही थी सुबह 10 बजे के लगभग रायसेन से फायर ब्रिगेड आई फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया था। लेकिन दोपहर के समय आग फिर से जलने लगी। आग धीरे-धीरे पहाड़ के नीचे और ऊपर फैलती जा रही थी ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी।

वन कर्मचारी जगदीश जाटव घटनास्थल पर उपस्थित रहा। वन कर्मचारियों जगदीश जाटव ने डिप्टी रेंजर सतीश श्रीवास्तव को आग लगने की सूचना दे दी थी। इसके बाद भी कोई कर्मचारी घटनास्थल पर नहीं पहुंचा। आग धीरे-धीरे किसानों की फसलों के पास आ रही थी। फायर ब्रिगेड को डबल से सूचना दी गई लेकिन फायर ब्रिगेड डबल से नहीं पहुंच पाई। क्योंकि फायर ब्रिगेड पहाड़ पर आग बुझाने में कामयाब नहीं हो पाती। इस र अंबाडी के किसान संतोष अहिरवार ,मनीष अहिरवार, संजू अहिरवार, पन्नालाल अहिरवाj द्वारा आग बुझाने की कोशिश की गई। ग्रामीणों ने पहाड़ के नीचे तो आग बुझ गई, मगर पहाड़ के ऊपर आग अभी जल रही है। आग लगने से पहाड़ पर लगे हजारों की तादात में छोटे बड़े सागोन, महुआ, तेंदू के



पेड़ सहित अन्य कई प्रकार के पेड़ जल गए। आग लगने से लगभग 8 एकड़ में लगे हुए हरे भरे पेड़ जल गए। इसी जगह पर पिछले साल भी आग लग गई थी जिसमें भी हजारों की तादात पेड़ जल गए थे।

आग धीरे-धीरे पहाड़ के ऊपर तक पहुंच गई। आग धीरे-धीरे पहाड़ के ऊपर बढ़ती जा रही है अगर आग को काबू नहीं किया गया तो इससे लगे गांव मुस्काबाद, अंबाडी, दीवानगंज और देहरी पूछी के गांव चपेट में आ सकते है। कस्बा के आसपास के जंगलों में एक सप्ताह से लगातार पहाड़ पर आग लगने की घटना हो रही है पिछले सप्ताह भी कुल्हाड़ीया के जंगल में आग लग गई थी जो सुबह 11 बजे से लेकर रात 8 बजे तक लगती रही। इसको बुझाने के लिए भी फायर ब्रिगेड आई थी मगर आग पहाड़ पर लग रही थी जहां पर फायर ब्रिगेड नहीं पहुंच पाई थी।

पहाड़ों पर जब आग लगती है तो वहां तक फायर ब्रिगेड नहीं पहुंच पाती है जिससे कई दिनों तक पहाड़ पर आग लगती रहती है।

दूसरी घटना-अज्ञात कारणों से खेत की नरवाई में लगी आग

दीवानगंज। सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम दीवानगंज के सागोनी जंगल में गुरुवार दोपहर के बाद अज्ञात कारणों खेत की नरवाई में आग लग गई जिससे किसानों में अफरा तफरी का माहौल बन गया क्योंकि जिस जगह पर आग लगी है उसके आसपास छोटेलाल जाटव, अमित राघव, अबदा बी, और कई किसानों की गेहूं की फसल अभी खड़ी हुई है। हवा का रुख भी तेज था जिस कारण आग अपना विकराल रूप दिखा रही थी। अमित राघव और किसान अपने ट्रैक्टरों को लेकर खेत पर पहुंचे अपनी फसले बचाने के लिए ट्रैक्टर से अपनी जमीन घेरना चालू कर दिया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अमित राघव, छोटे लाल जाटव, अबदा बी, बादाम विश्वकर्मा, शैतान विश्वकर्मा, सुरेंद्र विश्वकर्मा आदि किसानों प्रशासन से दीवानगंज में एक फायर ब्रिगेड स्थाई रूप से देने की मांग की है। क्योंकि हर साल दीवानगंज क्षेत्र आगजनी की घटना बहुत ज्यादा होती है। जिससे हजारों एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जल जाती है। स्थाई रूप से फायर ब्रिगेड मिल जाएगी तो काफी हद तक किसानों की फसले बचाने में काफी हद तक सुविधा मिल जाएगी।

क्षेत्र में नही है फायर ब्रिगेड की व्यवस्था

सलामतपुर, बेरखेड़ी चौराहा, दीवानगंज सहित आसपास क्षेत्र में कहीं भी फायर ब्रिगेड की व्यवस्था नही है। जबकि गर्मी के दिनों ने आए दिन आगजनी की घटनाएं सामने आती रहती हैं। आगजनी की घटना होने पर सांची या रायसेन से फायर ब्रिगेड बुलाई जाती है। लेकिन उनके आने में काफी समय लगता है। जिसकी वजह से समय रहते आग पर काबू नही पा सकते और बड़ा नुकसान हो जाता है। शनिवार को कस्बे में हुई आगजनी की घटना में भी सांची से फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया था। लोगों की मांग है कि शीघ्र ही क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की जाए ताकि समय रहते आगजनी की घटनाओं में मदद मिल सके।

परिवार परामर्श केंद्र बाड़ी की पहल रंग लाई, दो परिवारों के टूटे दिलों को फिर से मिली संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

कार्यालय अनुविभागीय पुलिस बाड़ी के परिवार परामर्श केंद्र में बुधवार को दो परिवारों ने शिकायती पत्रों से अपनी शिकायत को रखा जिस पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कार्यालय में अलग-अलग दोनों पक्षों को 3 अप्रैल की तारीख दी। परिवार परामर्श केंद्र में टूटे दिलों को एक करने की माहिती जिम्मेदारी पूर्ण जिम्मेदारी से निभाई गई।

माहौल दो दिलों के बीच छोटी-छोटी अनबनो के कारण रिश्ते टूट जाते हैं। इस कारण परिवार परामर्श केंद्र में लोगों की बातों को गंभीरता से सुना उनका जीवन के महत्व को बताया जिसके परिणाम बेहतर

ही आते हैं जब हम कुछ करने की ठान लें तो हम सब कुछ कर सकते हैं ऐसा ही कुछ बाड़ी परामर्श केंद्र में उपस्थित लोगों ने दो परिवारों के बीच टूटे दिलों को एक बार फिर जोड़ दिया गया सौरभ जोशी पिता भवानी प्रसाद जोशी, रोशनी जोशी पति सौरभ जोशी निवासी दोराहा जिला सीहोर के परिवार की सभी समस्याओं को समझा और उन्हें दंपति जीवन के अनमोल रतन के विषय में उपस्थित लोगों ने समझाइए जिसके परिणाम स्वरूप दोनों पति-पत्नी खुशी-खुशी साथ रहने को राजी हुए पति-पत्नी को एक देख परिवार में भी खुशी का माहौल देखा गया इसी प्रकार मंजू गुलाब वंशकार देहरी कला, बबलू भूरा बंशकार निवासी कल्याणपुर जिला नरसिंहपुर के बीच आपसी समझौता हुआ।

केंद्र में आयोजित मिलन महासभा में, जिन लोगों ने जिन लोगों ने एक करके जोड़ने और परिवार के भीतर खुशियां लाने में सहयोगात्मक भूमिका अदा की उसमें अनुविभाग अधिकारी पुलिस अदिति सक्सेना, प्रधान आरक्षक चंद्रकांत, प्रधान आरक्षक लक्ष्मी नारायण बोहरे , सुनील शर्मा, श्रीनिवास शर्मा दीपक श्रीवास्तव की मुख्य भूमिका रही।

परिंदों को पानी पिलाने नप ने पेड़ों पर लटकाए जलपात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

भीषण गर्मी में बेजुवान परिंदो को शीतल जल उपलब्ध कराने को लेकर नगर परिषद ने अपने सामाजिक सरोकारो के तहत शिव वाटिका व तहसील कार्यालय परिसर में लगे पेड़ पर जल से भरे पात्र लटकाए गए। नप कर्मचारी अवधेश सपेरे, भूपेंद्र कलोसिया आदि ने शिव वाटिका व तहसील कार्यालय परिसर पहुंच कर जल से भरे पात्र पेड़ो पर टांगे तथा प्रतिदिन सुबह व शाम के समय जल पात्रो में पानी भरने का संकल्प भी लिया। नप सिलवानी ने नागरिकों से आव्हाण किया कि वह सार्वजनिक

स्थलो, घर की छतो, बृक्षो आदि पर जल से भरे पात्र रखे ताकि बेजुवान परिंदो को चिलचिलाली गर्मी में पीने का पानी उपलब्ध हो सके ।

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर ने दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 को अधिक प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किए जाने हेतु कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी अधिसूचित किए गए हैं। जारी आदेश के तहत जिला स्तर पर कलेक्टर अरविंद दुबे तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, तहसील स्तर पर एसडीएम और विकासखण्ड स्तर पर जनपद पंचायत सीईओ तथा परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास को अधिसूचित किया है।

इस संबंध में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री दीपक संकट द्वारा

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि कलेक्टर श्री दुबे के आदेशानुसार जिले में बाल विवाहों की रोकथाम और प्राप्त सूचनाओं पर प्रभावी कार्यवाही एवं अंतर्विभागीय समन्वय हेतु एसडीएम की अध्यक्षता में विकासखण्ड स्तरीय कोर ग्रुप/उड़न दस्तों का भी गठन किया है।

कलेक्टर के आदेशानुसार बाल विवाहों की रोकथाम हेतु प्राप्त होने वाली शिकायतों/सूचनाओं पर संबंधित विभागों के अधिकारियों सहित बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधान अनुसार बाल विवाह रोकने की त्वरित कार्यवाही की जाए।

आगजनी में 2 एकड़ गेहूं की फसल जलकर खाक

रायसेन। शहर के वार्ड 17 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे रात 3 बजे शॉर्ट सर्किट से गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। जिससे करीब ढाई एकड़ की फसल जलकर पूरी तरह खाक हो गई, फसल मलिका को लाखों का नुकसान हुआ है।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी नीलम प्रकाश राठौड़ के खेत के पास वाले खेत में रखी डीपी से सर्किट हो गया और फसल ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते दो एकड़ से ज्यादा की फसल जलकर खाक हो गई। सुबह नीलम प्रकाश राठौड़ खेत पर पहुंचे तो वहां का मंजर देखकर उनके होश उड़ गए, उनके पड़ोसियों ने बताया की आग रात 3 लगी थी। मौके पर दो फायर ब्रिगेड भी पहुंची थी पर जब तक खड़ी फसल जलकर खाक हो चुकी थी किसान नीलम राठौर द्वारा बताया गया कि आग लगने से उनको करीब डेढ़ लाख का नुकसान हुआ है।

अधिवक्ता संघ ने स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मान, न्यायालय परिसर में किया गया विदाई समारोह का आयोजन

तबादला होने पर अधिवक्ता संघ ने दी न्यायाधीश को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

व्यवहार न्यायालय सिलवानी में पदस्थ व्यवहार न्यायाधीश अतुल यादव का बीते दिनो ग्वालियर स्थानांतरण हो गया। श्री यादव के स्थानांतरण पश्चात अधिवक्ता संघ सिलवानी ने विदाई समारोह आयोजित कर उनका सम्मान किया। न्यायालय परिसर में आयोजित विदाई समारोह को श्री यादव ने संबोधित किया।

उन्होंने अपने संबोधन में न्यायालय में बार बेंच के संबंधो की व्याख्या करते हुए सिलवानी बार के द्वारा न्यायिक कार्यो में एवं विधिक सेवा के प्रकरणो व लोक अदालतो में दिए गए योगदान व सहयोग की सराहना की। और न्यायालय की

गरिमा को बनाए रखने में अधिवक्ता गण एवं न्यायलयीन कर्मचारियो व पुलिस के द्वारा दिए गए।

सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा पक्षकारो के मध्य आपसी संवाद के माध्यम से उनकी समस्याओ के निराकरण किए जाने के लिए भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दीपेष समैया सहित समस्त अधिवक्तागण एवं अभियोजन अधिकारी आरके वर्मा ने भी न्यायाधीश श्री यादव के न्यायिक निराकरण व न्यायिक निर्णायक में किए गए कार्यो का उल्लेख किया तथा सिलवानी न्यायालय के विकास कार्यो की भी सराहना की। इस मौके पर अधिवक्ता संघ सिलवानी ने न्यायाधीश का फूल मालाओ से स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील श्रीवास्तव के द्वारा किया तथा आभार जिला प्रतिनिधि आरके नेमा ने माना।

इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दीपेश समैया, केके नेमा, एस एम लुकमान, एस एम इमरान, मनोज त्रिवेदी, बीएम बैरागी, आलोक श्रीवास्तव, संदीप जैन, मनोज राजपूत, सुनील श्रीवास्तव, सुरेंद्र तिवारी, आरके नेमा, शैलेद्र श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, पुष्पेंद्र कुषवाहा, दिनेश यादव सहित अधिवक्ता तथा न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

अप्रैल-मई का तापमान औसत तापमान से अधिक होने की संभावना

लोगों को लू के प्रकोप से बचाव के लिए मौसम विभाग ने बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भारतीय मौसम विभाग ने चल रहे मौसमी दृष्टिकोण को देखते हुए प्रदेश सहित समस्त मध्य भारत में अप्रैल-मई का तापमान औसत तापमान से अधिक होने की संभावना व्यक्त की है। इसके कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में लू की स्थिति निर्मित हो सकती है। मौसम विभाग ने लू के प्रभाव, लक्षण और प्राथमिक उपचार की जानकारी दी है। गृह विभाग के राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने इस संबंध में प्रदेश स्तर पर विभिन्न विभागों और जिलों को आवश्यक कार्रवाई के लिये निर्देश जारी किये है।

सूर्य दाह, ताप के कारण शारीरिक ऐठन, अत्यधिक थकावट एवं शारीरिक खिचाव, ताप-दाह स्थिति निर्मित हो सकती है। इसके लक्षणों में त्वचा पर लाल चकता, सूजन, फफोले, बुखार, सिरदर्द, पैरों, पेट की मांसपेशियों अथवा शरीर के बाहरी भागों में तकलीफ, शरीर में ऐंठन और अत्यधिक पसीना आना, अत्यधिक पसीना आना, कमजोरी महसूस होना, शरीर गीला और ठंडा होना तथा पीला पड़ जाना, सिर दर्द, नब्ज कमजोर पड़ जाना, मूर्छित हो जाना, अत्यधिक बुखार, अत्यधिक गर्म एवं सूखी त्वचा, तेज नब्ज और बेहोशी हो सकती है। लू से बचाव संबंधित जन-जागृति कार्यक्रमों का आयोजन करें। लू संबंधित बीमारियों एवं खतरों से जन-सामान्य के बचाव के लिये स्थानीय प्रशासन द्वारा व्यवस्था की जाये। इसके साथ ही किये जा रहे कार्यों के संबंध में नियमित प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया जाये।

इसके लिए सलाह

पानी, छांछ, ओआरएस का घोल या लस्सी, नीबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन कर तरो-ताजा रहें। यथा संभव दोपहर 12 से दोपहर 3 बजे के बीच धूप में बाहर निकलने से बचें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें। कपड़े, टोपी अथवा छतरी का उपयोग करें। धूप में निकलने के पहले तरल पदार्थ का सेवन करें। पानी हमेशा साथ रखें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। सिंथेटिक एवं गहरे रंग के वस्त्र पहनने से बचें।जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें। अत्यधिक गर्मी होने की स्थिति में ठंडे पानी से शरीर को पोछे या कई बार स्नान करें। धूप तथा गर्म हवाओं के संपर्क के तुरंत बाद स्नान न करें। गरिष्ठ, वसायुक्त, ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन तथा अल्कोहल, चाय, काफी जैसे पेय पदार्थ का उपयोग कम से कम करें।

लू से बचाव के लिए सावधानी अपनाने की दी गई सलाह

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लू से जन-सामान्य के बचाव के लिये समस्त जिला प्राधिकरणों तथा लू प्रबंधन से संबंधित समस्त विभागों द्वारा प्रदेश में संभावित लू के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुए इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिये विभागीय एवं जिला स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाए जाने के निर्देश दिये हैं।

बचाव के प्राथमिक उपचार

प्रभावित व्यक्ति को बार-बार नहलाए, यदि फफोले निकल आएं हों, तो स्टरलाइज, ड्रेसिंग करें और चिकित्सक का परामर्श तत्काल लें, प्रभावित को छायादार स्थल पर तत्काल ले जाएं, ऐठन वाले शरीर के भाग को जोर से दबाए तथा धीरे-धीरे सहलाएं। प्रभावित को शीतल जल, छाछ अथवा पना पिलाएं, यदि उल्टी आ रही हो, तो शीतल पेय पिलाना बंद कर दें तथा तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर ले जाएं, प्रभावित को छायादार स्थल पर लिटा कर शरीर पर ठंडे एवं गीले कपडे से स्पंजिंग करें। संभव हो तो उन्हें वातानुकूलित कमरे में ले जाएं। प्रभावित को शीतल जल, छाछ अथवा पना पिलाएं। यदि उबकाई आ रही हो, तो शीतल पेय पिलाना बंद कर दें तथा प्रभावित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर ले जाएं।यह अत्यंत चिंताजनक एवं चिकित्सा की दृष्टि से आपात स्थिति है। तत्काल 108 वाहन को बुलाएँ और प्रभावित को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराएँ। एम्बूलेंस आने तक प्रभावित व्यक्ति को वातानुकूलित स्थान पर ले जाएँ।

मतदाता जागरूकता रैली से वोट डालने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान हेतु चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को जनपद पंचायत सांची ग्राम पंचायत गुलगांव में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया एवं मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। वहीं अधिकारियों, कर्मचारियों तथा नागरिकों द्वारा मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत 07 मई को मतदान केन्द्र जाकर वोट डालने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर एपीओ प्रवीण त्रिपाठी, विद्या भूषण पांडे एनआरएलएम, छवि सक्सेना , पंचायत सचिव मुकेश कुमार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कौशल्या यादव, सरस्वती राजपूत, आशा राजपूत आशा कार्यकर्ता, रोजगार सहायक फैजान खान पूर्व सरपंच बाबूलाल अहिरवार सहित बड़ी संख्या में स्वसहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।